रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 391] नई दिल्ली, सोमवार, मई 22, 2017/ ज्येष्ठ 1, 1939
No. 391] NEW DELHI, MONDAY, MAY 22, 2017/JYAISTHA 1, 1939

IndiaCode

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
(पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 मई, 2017

सा.का.नि. 489(अ).—केंद्रीय सरकार, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 (1984 का 52) की धारा 15 और धारा 21 के साथ पठित धारा 64 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :--

भाग 1
आरंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् (पशु चिकित्सा महाविद्यालयों और पशु चिकित्सा अर्हताओं की मान्यता तथा मान्यता वापस लेने की प्रकिया) नियम, 2017 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं—(1) जब तक कि इन विनियमों में संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,--

(क) "अधिनियम" से भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 (1984 का 52) अभिप्रेत है ;

(ख) "सलाहकार समिति" से केंद्रीय सरकार द्वारा इन नियमों के नियम 16 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है ;

(ग) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अभिप्रेत है ;

(घ) "प्ररूप" से इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप अभिप्रेत है ;

(ङ) "पहली अनुसूची" से अधिनियम की पहली अनुसूची अभिप्रेत है ;

(च) "एमएसवीई विनियमों" से भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् पशु चिकित्सा शिक्षा के न्यूनतम मानक (पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन स्नातक – डिग्री पाठ्यक्रम) विनियम, 2016 अभिप्रेत है ;

(छ) "अध्यक्ष" से परिषद् का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(ज) "अनंतिम रूप से मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय" से ऐसा पशु चिकित्सा महाविद्यालय अभिप्रेत है जिसको पहली अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है और जहां पर विद्यार्थियों के दाखिले को केंद्रीय सरकार द्वारा इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय पत्र अनुदत्त करने और उसके नवीकरण द्वारा अनुज्ञात किया गया है ;

(झ) "मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय" केंद्रीय सरकार द्वारा अधिनियम और इन नियमों में विनिर्दिष्ट रीति में पहली अनुसूची में शामिल करके मान्यता प्रदान किया गया पशु चिकित्सा महाविद्यालय अभिप्रेत है ;

(ञ) "मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा अर्हता" से अधिनियम की धारा 2 के खंड (ङ) में यथा परिभाषित मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा अर्हता अभिप्रेत है ;

(ट) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ठ) "विश्वविद्यालय" से किसी केंद्रीय अधिनियम, प्रादेशिक अधिनियम या राज्य अधिनियम के अधीन या उसके द्वारा स्थापित या निगमित विश्वविद्यालय अभिप्रेत है, जो किसी संघटक या संबद्ध पशु चिकित्सा महाविद्यालय के माध्यम से पशु चिकित्सा अर्हता अनुदत्त कर रहा है ;

(ड) "पशु चिकित्सा महाविद्यालय" से कोई महाविद्यालय या संस्था अभिप्रेत है जो या तो किसी विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय या किसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है और जो पशु चिकित्सा विज्ञान स्नातक और पशुपालन में डिग्री पाठ्यक्रम या कोई अन्य पशु चिकित्सा अर्हता की शिक्षा प्रदान करने में लगा हुआ है ;

(ढ) "पशु चिकित्सा संस्था" से अधिनियम की धारा 2 के खंड (ञ) में यथापरिभाषित संस्थाएं अभिप्रेत है ;

(ण) "पशु चिकित्सा अर्हता" से निम्नलिखित डिग्रियां और डिप्लोमा अभिप्रेत और सम्मिलित हैं, अर्थात् :--

(i) पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन स्नातक (वी.वी.एससी और ए.एच.) ;

(ii) विज्ञान स्नातक (पशु चिकित्सा) (बी.एससी. (पशु चिकित्सा) ;

(iii) पशु चिकित्सा पशु विज्ञान स्नातक (बी.वी.ए.एससी.) ;

(iv) पशु चिकित्सा विज्ञान स्नातक (बी.वी.एससी.) ;

(v) पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन स्नातक (जी.वी.एससी. और ए.एच.) ;

(vi) बंगाल पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्नातक (जी.बी.वी.सी.) ;

(vii) बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्नातक (जी.बी.वी.सी.) ;

(viii) बंबई पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्नातक (जी.बी.वी.जी.) ;

(ix) मद्रास पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्नातक (जी.एम.वी.जी.) ;

(x) पशु चिकित्सा विज्ञान स्नातक (जी.वी.एस.सी.) ;

(xi) पहली अनुसूची में सम्मिलित कोई अन्य डिग्री या डिप्लोमा या कोई अन्य पशु चिकित्सा अर्हता ।

IndiaCode

(2) शब्द और पद, जो इन नियमों में प्रयोग किए गए हैं और परिभाषित नहीं है किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, का वही अर्थ होगा जो उनका अधिनियम में है ।

भाग 2

महाविद्यालयों की मान्यता के लिए पात्रता मानदंड

3. पशु चिकित्सा महाविद्यालयों की मान्यता—कोई व्यक्ति किसी पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना नहीं करेगा और किसी पशु चिकित्सा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दाखिला नहीं देगा या विद्यार्थियों की संख्या में अनुज्ञात संख्या से परे वृद्धि नहीं करेगा सिवाय तब जब वह इन नियमों के अनुसार केंद्रीय सरकार से पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त ना कर ले ।

4. पशु चिकित्सा महाविद्यालयों को मान्यता प्रदान करने के लिए पात्रता मानदंड—निम्नलिखित संगठन किसी पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पशु चिकित्सा अर्हता की मान्यता के लिए प्ररूप-1 में आवेदन करने के पात्र होंगे, अर्थात् :--

(i) कोई राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र ;

(ii) कोई विश्वविद्यालय ;

(iii) पशु चिकित्सा शिक्षा के प्रयोजन के लिए किसी कानून के अधीन केंद्रीय और राज्य सरकार द्वारा प्रोन्नत स्वायत्त निकाय ;

(iv) सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी ;

(v) लोक न्यास अधिनियम या राज्य में तत् समय प्रवृत्त किसी वैसे ही अधिनियम के अधीन सुरजीत और रजिस्ट्रीकृत लोक धार्मिक की आपूर्ति न्यास जहां ऐसा न्यास अधिवास रखता है या वक्त अधिनियम 1995 के अधीन रजिस्ट्रीकृत वक्त ;

5. अर्हक मानदंड—नियम 4 के अधीन पात्र संगठन पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता की मान्यता के लिए आवेदन करने के लिए अर्हक होंगे यदि वह निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हैं, अर्थात् :--

(क) आवेदक, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जो पशु चिकित्सा अर्हता अनुदत्त करता हो, जिसके माध्यम से वह पशु चिकित्सा अर्हता प्रदान करने या पशु चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने की मंशा रखता है का नियंत्रण रखता हो और उसके प्रबंधन में हो ;

स्पष्टीकरण- इन नियमों के प्रयोजन के लिए किसी व्यक्ति को किसी पशु चिकित्सा महाविद्यालय का नियंत्रण रखने वाला और उसके प्रबंधन में तब समझा जाएगा जब उसके पास शासी निकाय या पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रमुख को नियुक्त करने या पद से हटाने का अधिकार हो और वह पशु चिकित्सा महाविद्यालय के वित्त या वित्त पोषण पर नियंत्रण रखता हो ;

(ख) आवेदक के नियम 4 के खंड (i), खंड (ii) और खंड (iii) के अधीन वर्गों से भिन्न किसी एक प्रवर्ग में असफल रहने की दशा में उसका एक प्रमुख उद्देश्य पशु चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना होना चाहिए ;

(ग) पशु चिकित्सा महाविद्यालय और उसकी अनुषंगी सुविधाओं जिसके अंतर्गत पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के अनुसार न्यूनतम मानक के रुप में शिक्षा प्रदान करने वाला पशु चिकित्सालय या पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर और एक अनुदेशात्मक पशुधन फार्म परिसर हैं, को स्थापित करने के लिए पिछले 3 वर्षों के उसके वार्षिक रिटर्न और लेखाओं में अपेक्षित वित्तीय क्षमता प्रदर्शित होनी चाहिए ;

(घ) पशु चिकित्सा शिक्षा विनियम के न्यूनतम मानक के अधीन यथा विनिर्दिष्ट आकार की समुचित भूमि जिसमें सभी संरचनाएं और सभी सुविधाएं जैसा कि पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानक के अधीन विनिर्दिष्ट है आवेदक के स्वामित्व और कब्जे में होनी चाहिए या आवेदक द्वारा संबंधित सरकार या संबंधित अभिकरण से 30 वर्ष या अधिक के पट्टे के अधीन और यथास्थिति उक्त भूमि यह पट्टा आवेदक के नाम सम्यकता रजिस्ट्रीकृत होना चाहिए :

IndiaCode

परंतु यह भी कि अनुदेश पशुधन फार्म परिसर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के परिसर से 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर होगा ;

परंतु इसमें विनिर्दिष्ट सभी अनुदेशात्मक सुविधाएं और पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों में न्यूनतम मानक शिवाय अनुदेश पशुधन फार्म परिसर के एक एकल सतत भूमि का प्लॉट होगा ;

परंतु पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जिसके अंतर्गत पशु चिकित्सा चिकित्सालय या पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर तथा अनुदेशिक पशु धन, फार्म परिसर भी है, के संनिर्माण, स्थापना, अनुरक्षण और प्रचालन के लिए सभी अनुज्ञा, जो आवश्यक हो, सक्षम सरकारी अभिकरण से प्राप्त कर ली गई हैं ;

(ङ) पशु चिकित्सा महाविद्यालय के भवन की योजना को वास्तुविद् अधिनियम, 1972 (1972 का 20) के अधीन गठित वास्तुविद् परिषद् के पास रजिस्ट्रीकृत किसी वास्तुविद द्वारा तैयार किया जाएगा तथा संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र द्वारा यथा अभिहित सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यकत: अनुमोदित किया जाएगा ;

(च) आवेदक के स्वामित्व में और प्रबंधन में कोई पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर या पशु चिकित्सा महाविद्यालय हो या उसके पास, जैसा कि पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के लिए न्यूनतम मानक में अधिकथित किया गया है, किसी राज्य पशु चिकित्सा चिकित्सालय और किसी अनुदेशात्मक पशुधन फार्म परिसर, जो उसमें विनिर्दिष्ट सभी अवसंरचना सुविधाओं के साथ सुसज्जित हों, इंतजाम होना चाहिए और पशु चिकित्सा चिकित्सालय या पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर यदि आवेदक के स्वामित्व में हों तो पशु चिकित्सा महाविद्यालय के परिसर के भीतर होगा तथा आवेदक के पूर्ण वित्तीय और तकनीकी नियंत्रण के अधीन होगा ;

(छ) आवेदक ने पहले शैक्षिक वर्ष के लिए अपेक्षित एमएसवीई विनियमों में यथाविनिर्दिष्ट शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारिवृंद की भर्ती कर ली है तथा केंद्रीय सरकार से अनुज्ञा पत्र की प्राप्ति पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यान्वयन के लिए जनशक्ति कार्यक्रम तैयार किया है तथा ऐसे जनशक्ति कार्यक्रम एमएसवीई विनियमों में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुसार होंगे और निम्नलिखित के संबंध में विभागवार तथा वर्षवार योजना उपलब्ध कराएंगे ;

(i) शैक्षिक कर्मचारिवृंद (नियमित),

(ii) तकनीकी कर्मचारिवृंद (नियमित),

(iii) प्रशासनिक कर्मचारिवृंद (नियमित),

(iv) अनुषंगी कर्मचारिवृंद,

(v) वेतन अवसंरचना,

(vi) भर्ती प्रक्रिया, और

(vii) भर्ती कलैंडर :

परंतु पहले शैक्षिक वर्ष के लिए शैक्षिक और गैर-शैक्षिक कर्मचारिवृंद की भर्ती करने के अतिरिक्त आवेदक और नियम 4 के उपखंड (i) और उपखंड (ii) के उपबंधों के भीतर आने वाला आवेदक से भिन्न व्यक्ति से भी उसके प्ररूप 1 में आवेदन के एक भाग के रूप में किसी अनुसूचित बैंक में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए दूसरे शैक्षिक वर्ष के लिए शैक्षिक कर्मचारिवृंद को संदेय वेतन और अन्य फायदों की प्रक्कलित लागत के समतुल्य किसी रकम का एक नियत जमा सृजित करने का दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत करने की भी अपेक्षा होगी ;

(ज) आवेदक ने पहले ही कम से कम पहले और दूसरे शैक्षिक वर्ष के लिए अपेक्षित इसकी अनुसूची 2 में उपदर्शित अवसंरचना सुविधाओं का गठन और स्थापना पशु चिकित्सा शिक्षा विनियम के न्यूनतम मानक में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार कर ली है ;

(झ) आवेदक ने दूसरे, तीसरे और चौथे शैक्षिक वर्ष के लिए अतिरिक्त जनशक्ति तथा अतिरिक्त अवसंरचना सुविधाओं, जिसके अंतर्गत पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर अनुदेशात्मक पशुधन फार्म परिसर भी है, के लिए पशु चिकित्सा शिक्षा विनियम के न्यूनतम मानक में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है, ताकि पशु चिकित्सा महाविद्यालय में दाखिले प्रारंभ करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा अनुज्ञा पत्र अनुदत्त करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर सामूहिक रूप से सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और पूरी की जा सकें ।

(ञ) पशु चिकित्सा महाविद्यालय 'सरकार' या 'भारतीय' या 'राष्ट्रीय' या 'अखिल भारतीय' या संप्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम, 1950 के अधीन प्रतिषिद्ध शब्दों का उसके नाम के एक भाग के रूप में प्रयोग नहीं करेगा ताकि यह प्रभाव न पड़े कि उक्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय सरकारी है या उसका प्रबंधन सरकार द्वारा किया जा रहा है या उसे सरकारी संरक्षण प्राप्त है तथा यह निर्बंधन उन पशु चिकित्सा महाविद्यालयों को लागू नहीं होंगे जिनकी स्थापना राज्य या केंद्रीय सरकार द्वारा या उनके द्वारा अनुमोदित नाम के अधीन की गई है ।

भाग 3

पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता की मान्यता के लिए आवेदन

6. पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता की मान्यता के लिए आवेदन—

(1) पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता की मान्यता के लिए आवेदन नियम 4 के अधीन पात्र किसी भी संगठन द्वारा, जो ऐसा आवेदन करने के लिए नियम 5 के अधीन अर्हक हैं, इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट किए जाने वाले दस्तावेजों के साथ सचिव, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को किया जा सकेगा ।

(2) नियम 6 के उपनियम (1) के अधीन आवेदन के साथ प्ररूप 1 में यथाविनिर्दिष्ट दस्तावेज और किसी रजिस्ट्रीकृत लागत लेखाकार या चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा सम्यकत: प्रमाणित अगले पाँच वर्ष के लिए प्रस्तावित निधि प्रवाह विवरण के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संलग्न होगी तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में भवन कार्यक्रम, शैक्षिक कार्यक्रम, कृत्यशील कार्यक्रम, उपस्कर कार्यक्रम और जनशक्ति कार्यक्रम सम्मिलित होंगे ।

7. मान्यता के लिए आवेदन के मूल्यांकन की प्रक्रिया—(1) केंद्रीय सरकार, विहित फीस के साथ विनिर्दिष्ट प्ररूप में किसी आवेदन की प्राप्ति पर ऐसे आवेदन को मूल्यांकन और सिफारिशों के लिए परिषद् को निर्दिष्ट करेगी तथा इन नियमों के अधीन सभी आवेदनों को अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट समय-सीमा के अनुसार निपटाया जाएगा ।

(2) परिषद् सभी आवेदनों की संवीक्षा करेगी और कोई आवेदन, जो किसी भी रूप में अपूर्ण पाया जाता है या जहां आवेदक पात्रता या अर्हता मानदंड को पूरा नहीं करता है, को परिषद् द्वारा आवेदक को केंद्रीय सरकार को चिन्हित प्रति के साथ संवीक्षा के दौरान आवेदन में पाई गई त्रुटियों को इंगित करते हुए तथा आवेदक को ऐसी त्रुटियों को अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट समय के भीतर दूर करने का अवसर प्रदान करते हुए लौटाया जाएगा ।

(3) वह आवेदन, जो पूर्ण पाए जाते हैं या जहां आवेदक नियम 4 और नियम 5 के अधीन मानदंड को पूरा करता है, को अधिनियम की धारा 12 के अधीन गठित परिषद् की कार्यपालक समिति के समक्ष रखा जाएगा, जो इन नियमों और पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानकों के अधीन उपदर्शित अपेक्षाओं के आधार पर उक्त आवेदनों की जांच करेगी ।

(4) आवेदन की जांच पर यदि कार्यपालक समिति यह विनिश्चय करती है कि वह पशु चिकित्सा महाविद्यालय के भौतिक निरीक्षण को संचालित करने के लिए एक उपयुक्त मामला है तो वह उतनी संख्या में निरीक्षकों को, जो पशु चिकित्सा महाविद्यालय के निरीक्षण के लिए अधिनियम की धारा 19 और पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानकों के अधीन तथा भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् (निरीक्षक और आगन्तुक) विनियम, 1991 के उपबंधों के अनुसार उचित समझे, तैनात करेगी ।

(5) जहां परिषद् की यह राय है कि आवेदन को भौतिक निरीक्षण संचालित किए बिना अस्वीकार किया जाएगा तो वह पर्याप्त कारण देते हुए आवेदन को अस्वीकार करेगी और आवेदक को ऐसे कारणों से संसूचित करेगी तथा उसकी एक प्रति केंद्रीय सरकार को देगी ।

Indiacode

(6) निरीक्षण पूरा होने के पश्चात् निरीक्षक पशु चिकित्सा शिक्षा के मानकों की पर्याप्तता, जिसके अंतर्गत अवसंरचना, कर्मचारिवृंद, उपस्कर, आवास, प्रशिक्षण और पशु चिकित्सा महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाएं हैं, की एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और उसे परिषद् की कार्यपालक समिति को प्रस्तुत करेंगे ।

(7) कार्यपालक समिति उपनियम (6) में वर्णित रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् उक्त रिपोर्ट की एक प्रति ऐसी अभ्युक्तियों, जो आवश्यक हों, के साथ उक्त रिपोर्ट की अंतर्वस्तु पर टिप्पणियों की ईप्सा करते हुए आवेदक को भेजेंगे और निरीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति परिषद् द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय को भी अग्रेषित की जाएगी ।

(8) परिषद्, पशु चिकित्सा महाविद्यालय से टिप्पणियों के प्राप्ति के पश्चात् उपनियम (6) में वर्णित निरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ कार्यपालक समिति की अभ्युक्तियों को तथा आवेदक से प्राप्त टिप्पणियों को केंद्रीय सरकार को इस सिफारिश के साथ अग्रेषित करेगी कि क्या आवेदक को आशय पत्र जारी किया जाना चाहिए या नहीं ।

(9) जहां परिषद् केंद्रीय सरकार को आशय पत्र जारी करने की सिफारिश करती है वहां वह अपनी सिफारिश के साथ ऐसी अन्य अपेक्षाओं को भी विनिर्दिष्ट करेगी जिनको केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदक के पक्ष में अनुज्ञा पत्र अनुदत्त करने से पूर्व आवेदक द्वारा पूरा करने की आवश्यकता है या ऐसी त्रुटियां, जिनको दूर करने की आवश्यकता है ।

(10) जहां परिषद् केंद्रीय सरकार को आवेदक को आशय पत्र जारी करने के विरुद्ध सिफारिश करती है, तो वह ऐसी सिफारिश के लिए अपने कारणों को लिखित में प्रस्तुत करेगी और केंद्रीय सरकार परिषद् से तत्प्रतिकूल सिफारिश के बावजूद आशय पत्र जारी करने का विनिश्चय कर सकेगी ।

(11) केंद्रीय सरकार द्वारा जारी आशय पत्र में, अन्य बातों के साथ, ऐसी अतिरिक्त अपेक्षाओं या खामियों के ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे, जो परिषद् द्वारा किन्हीं अन्य शर्तों या उपांतरणों, जिसके अंतर्गत इन नियमों के अधीन यथा अपेक्षित नियम 4 के खंड (i) और खंड (ii) के अधीन नहीं आने वाले आवेदकों द्वारा बैंक प्रतिभूति प्रस्तुत करना है, जैसा कि केंद्रीय सरकार आशय पत्र अनुदत्त करने के लिए अधिरोपित करना उचित समझे, संसूचित किए जाएंगे :

परंतु नियम 4 के खंड (i) और खंड (ii) के अधीन आने वाले आवेदकों को इस शर्त के अधीन रहते हुए कि वह, यथास्थिति, संबंधित विश्वविद्यालय से और संबंधित राज्य के मुख्य सचिव या संबंधित संघ राज्य क्षेत्र के समतुल्य अधिकारी से सभी समय पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय में पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानक की अनुपालना का सुनिश्चय करने के लिए एक वचनबंध प्रस्तुत करेंगे और आशय पत्र की एक प्रति केंद्रीय सरकार द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय की परिषद् को भी अग्रेषित की जाएगी ।

(12) आवेदक से केंद्रीय सरकार को आशय पत्र की लिखित स्वीकृति संसूचित करने की अपेक्षा होगी, जिसके साथ इस बात का दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न होगा कि आवेदक, यथास्थिति, आशय पत्र या वचनबंध में, आवेदक के शासी निकाय के किसी सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित प्ररूप में उपदर्शित शर्तों को पूरा करता है और आवेदक से प्राप्त स्वीकृति को केंद्रीय सरकार द्वारा परिषद् को केंद्रीय सरकार को आवेदक को अनुज्ञा पत्र जारी करने के संबंध में समुचित सिफारिश करने के प्रयोजन के लिए उसके विचारण के लिए अग्रेषित किया जाएगा ।

(13) आशय पत्र या लिखित वचनबंध में अधिकथित शर्तों को पूरा करने की शर्त के अधीन रहते हुए शर्तों को पूरा करने के लिए और उपांतरणों तथा आशय पत्र में अंतर्विष्ट अन्य अतिरिक्त अपेक्षाओं का अनुपालन करने के लिए और यथा अपेक्षित बैंक प्रतिभूति (यदि लागू हो) को प्रस्तुत करने के लिए परिषद् केंद्रीय सरकार को आवेदक को अनुज्ञा पत्र अनुदत्त करने के लिए या अन्यथा अपनी लिखित सिफारिशें भेजेगी और ऐसी सिफारिश में आवेदक द्वारा स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित पशु चिकित्सा महाविद्यालय में पहले दो शैक्षिक वर्षों के लिए आवेदक को अनुज्ञात स्थानों की संख्या भी सम्मिलित होगी ।

(14) केंद्रीय सरकार परिषद् की सिफारिश पर इन नियमों के अनुसार पशु चिकित्सा महाविद्यालय में विद्यार्थियों को भर्ती करने के लिए आवेदक को अनुज्ञात करते हुए अनुज्ञा पत्र जारी कर सकेगी और अनुज्ञा पत्र की एक प्रति केंद्रीय सरकार द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय की परिषद् को भी अग्रेषित की जाएगी ।

(15) जहां परिषद् आवेदक को अनुज्ञा पत्र अनुदत्त करने के विरुद्ध सिफारिशें करती हैं तो वह ऐसी सिफारिशों के लिए केंद्रीय सरकार को लेखबद्ध कारणों को पारेषित करेगी ।

(16) यदि केंद्रीय सरकार अनुज्ञात पत्र जारी न करने का विनिश्चय करती है तो वह परिषद् से प्राप्त सिफारिश के साथ अपने विनिश्चय को परिषद् को और संबंधित विश्वविद्यालय को प्रति के साथ आवेदक को सूचित करेगी तथा ऐसा आवेदन करने के समय आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रतिभूति को आवेदक के पक्ष में निर्मुक्त कर दिया जाएगा। परंतु आवेदन के साथ आवेदक द्वारा संदत्त फीस को लौटाया नहीं जाएगा।

8. अनुज्ञा पत्र—(1) पहले अवसर पर अनुज्ञा पत्र पहले दो शैक्षिक वर्ष के लिए अनुदत्त किया जाएगा और पशु चिकित्सा महाविद्यालय को केवल पहले और दूसरे शैक्षिक वर्ष के लिए विद्यार्थियों को दाखिल करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

(2) अनुज्ञा पत्र का अनुदत्त किया जाना आवेदक द्वारा आशय पत्र में उपदर्शित अपेक्षाओं को पूरा किए जाने की शर्त के अधीन होगा और आवेदक के नियम 4 के खंड (i) और खंड (ii) के अधीन न आने पर दिल्ली में अवस्थित अनुसूचित बैंक में "भारतीय पशु चिकित्सा परिषद्" के पक्ष में 5,00,00,000/- रुपए (केवल पाँच करोड़ रुपए) की बैंक प्रतिभूति प्रस्तुत की जाएगी और जो आरंभत: पाँच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगी तथा तत्पश्चात् उक्त बैंक प्रतिभूति का आवेदक द्वारा वर्ष दर वर्ष विस्तार किया जाएगा और किसी भी समय उसका व्यपगत होना अनुज्ञेय नहीं किया जाएगा।

(3) आवेदक के नियम 4 के खंड (i) और खंड (ii) के अधीन न आने की दशा में अनुज्ञा पत्र किसी अनुसूचित बैंक में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि के लिए पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा दूसरे शैक्षिक वर्ष के दौरान नियोजन के लिए प्रस्तावित संकाय को संदेय प्राक्कलित वार्षिक वेतन की रकम के समतुल्य नियत जमा सृजित करने के पर्याप्त दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत करने के अधीन भी होगा।

9. अनुज्ञा पत्र का नवीकरण—

(1) अनुज्ञा पत्र द्वारा जारी अनुज्ञा का तीसरे और चौथे शैक्षिक वर्ष के लिए नवीकरण आवेदक द्वारा प्ररूप-1 में उसके आवेदन के एक भाग के रूप में यथा प्रस्तुत लक्ष्यों की प्रगति के साथ केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदक को जारी आशय पत्र में विनिर्दिष्ट किन्हीं लक्ष्यों के सत्यापन के अधीन होगा।

(2) अनुज्ञा पत्र के नवीकरण के लिए इन नियमों के अधीन सभी आवेदनों को अनुसूची-3 में विनिर्दिष्ट समय-सीमा के अनुसार निपटाया जाएगा।

(3) आवेदक, सचिव, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को नवीकरण के लिए अनुज्ञा पत्र को उसके तीसरे शैक्षिक वर्ष के प्रारंभ होने के समय से कम से कम एक वर्ष पूर्व प्ररूप –10 में आवेदन करेगा।

(4) प्ररूप – 10 में आवेदन करने से पूर्व आवेदक को,-

(i) उसके द्वारा प्ररूप 1 के साथ प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में यथा प्रक्षेपित सभी लक्ष्यों का अनुपालन करने के साथ आशय पत्र में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों का अनुपालन करना होगा ;

(ii) तीसरे शैक्षिक वर्ष के लिए अपेक्षित शैक्षिक और गैर-शैक्षिक कर्मचारिवृंद की पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानक में यथाविनिर्दिष्ट मानक के अनुसार भर्ती करनी होगी और चौथे शैक्षिक वर्ष में कार्यान्वयन के लिए जल शक्ति भर्ती कार्यक्रम तैयार करेगा और नियम 4 के खंड (i) और खंड (ii) के अधीन न आने वाले आवेदकों की दशा में तीसरे शैक्षिक वर्ष के लिए शैक्षिक और गैर-शैक्षिक कर्मचारिवृंद की भर्ती करने के अतिरिक्त आवेदक से उसके आवेदन के एक भाग के रूप में प्ररूप-10 में आवेदन के एक भाग के रूप में किसी अनुसूचित बैंक में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए दूसरे शैक्षिक वर्ष के लिए शैक्षिक कर्मचारिवृंद को संदेय वेतन और अन्य फायदों की प्रक्कलित लागत के समतुल्य किसी रकम का एक नियत जमा सृजित करने का दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत करने की भी अपेक्षा होगी ;

(5) केंद्रीय सरकार नवीकरण के लिए आवेदन की प्राप्ति पर उसे परिषद् को अग्रेषित करेगी तथा परिषद् आवेदन की संवीक्षा संचालित करने के पश्चात् उतनी संख्या में निरीक्षकों को, जो पशु चिकित्सा महाविद्यालय के निरीक्षण के लिए अधिनियम की धारा 19 और पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानकों के अधीन तथा भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् (निरीक्षक और आगन्तुक) विनियम, 1991 के उपबंधों के अनुसार उचित समझे, तैनात करेगी।

India Code

(6) निरीक्षकों द्वारा पशु चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् (निरीक्षक और आगन्तुक) विनियम, 1991 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार संचालित किया जाएगा, निरीक्षक पशु चिकित्सा शिक्षा के मानकों की पर्याप्तता, जिसके अंतर्गत अवसंरचना, कर्मचारिवृंद, उपस्कर, आवास, प्रशिक्षण और पशु चिकित्सा महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाएं हैं, की एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और उसे परिषद् की कार्यपालक समिति को प्रस्तुत करेंगे ।

(7) कार्यपालक समिति उपनियम (6) में वर्णित रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् उक्त रिपोर्ट की एक प्रति ऐसी अभ्युक्तियों, जो आवश्यक हों, के साथ उक्त रिपोर्ट की अंतर्वस्तु पर टिप्पणियों की ईप्सा करते हुए आवेदक को भेजेंगे और निरीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति परिषद् द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय को भी अग्रेषित की जाएगी ।

(8) परिषद्, आवेदक से टिप्पणियों को प्राप्त करने के पश्चात् उपनियम (6) में विनिर्दिष्ट निरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ कार्यपालक समिति की अभ्युक्तियों को तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय से प्राप्त टिप्पणियों को केंद्रीय सरकार को इस सिफारिश के साथ अग्रेषित करेगी कि क्या पशु चिकित्सा महाविद्यालय को आशय पत्र जारी किया जाना चाहिए या नहीं ।

(9) जहां परिषद् आवेदक को अनुज्ञा पत्र के नवीकरण के विरुद्ध सिफारिश करती है वह ऐसी सिफारिश के लिखित कारणों को केंद्रीय सरकार को पारेषित करेगी ।

(10) यदि केंद्रीय सरकार अनुज्ञा का नवीकरण नहीं करने का विनिश्चय करती है तो वह परिषद् से प्राप्त सिफारिश के साथ अपने विनिश्चय से आवेदक को संसूचित करेगी, जिसकी प्रति परिषद् और संबंधित विश्वविद्यालय को दी जाएगी ।

(11) यदि परिषद् आवेदक को अनुज्ञा पत्र के नवीकरण की सिफारिश करती है, तो केंद्रीय सरकार आवेदक के पक्ष में अनुज्ञा का आवेदक को चिकित्सा महाविद्यालय के चौथे और पांचवें वर्ष में विद्यार्थियों को दाखिल करने की अनुज्ञा के साथ नवीकरण कर सकेगी और ऐसी नवीकरण की अनुज्ञा पत्र की प्रति केंद्रीय सरकार द्वारा परिषद् और संबंधित विश्वविद्यालय को भी अग्रेषित की जाएगी ।

(12) किसी पश्चातवर्ती शैक्षिक वर्ष के लिए पशु चिकित्सा महाविद्यालय को अनुज्ञा पत्र के नवीकरण न किए जाने की दशा में उक्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इसमें इसके पश्चात् इन नियमों में यथा उपबंधित के अनुसार किसी मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय को अंतरित कर दिया जाएगा ।

(13) यदि किसी पशु चिकित्सा महाविद्यालय की अनुज्ञा के नवीकरण के आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाता है तो आवेदक उन त्रुटियों को दूर करने के पश्चात्, जिनके कारण नवीकरण के आवेदन का अस्वीकार किया जाना कारित हुआ था, फिर से आवेदन कर सकेगा और पशु चिकित्सा महाविद्यालय को पश्चातवर्ती प्रक्रम पर विद्यार्थियों को दाखिल करने की अनुज्ञा अनुदत्त किए जाने पर उस मामले को एक नया मामला माना जाएगा और केवल ऐसे विद्यार्थियों पर, जिन्हें केंद्रीय सरकार द्वारा अनुज्ञा अनुदत्त या नवीकरण अनुदत्त किए जाने के पश्चात् दाखिल किया गया था, मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा अर्हता प्रदान किए जाने के लिए विचार किया जाएगा और आवेदक को उस विश्वविद्यालय, जिससे वह संबद्ध है, से इस प्रभाव का एक वचनबंध प्राप्त करना होगा ।

10. पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता को पहली अनुसूची में शामिल किए जाने के द्वारा मान्यता अनुदत्त करना—

(1) किसी अनंतिम रूप से मान्यता प्रदान किए गए पशु चिकित्सा महाविद्यालय से सचिव, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को विनिर्दिष्ट प्ररूप 11 में चौथे शैक्षिक वर्ष के अनुसूचित प्रारंभ से कम से कम एक वर्ष पूर्व पहली अनुसूची **("अंतिम मान्यता के लिए आवेदन")** में उसको शामिल किए जाने के लिए आवेदन करना होगा ।

(2) अंतिम मान्यता के लिए आवेदन के साथ एक परियोजना रिपोर्ट होगी, जो यह उपदर्शित करेगी कि उक्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय में पशु चिकित्सा शिक्षा विनियमों के न्यूनतम मानक में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं, जनशक्ति और उपस्कर हैं तथा ऐसे अन्य दस्तावेज, जो प्ररूप 11 में विनिर्दिष्ट किए जाएं, होंगे और अंतिम मान्यता के लिए आवेदन को अनुसूची 4 के अनुसार निपटाया जाएगा ।

(3) नवीकरण आवेदन की संवीक्षा और जांच पशु चिकित्सा महाविद्यालयों के निरीक्षण के लिए निरीक्षकों की तैनाती, पशु चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण, परिषद् द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार, निरीक्षण रिपोर्ट को संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय और विश्वविद्यालय को भेजा जाना, निरीक्षण रिपोर्ट पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय से प्राप्त टिप्पणियों के लिए नियम 9 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया आवश्यक उपांतरणों के साथ नियम 10 में अंतिम मान्यता के लिए किए गए आवेदन को लागू होगी।

(4) निरीक्षण रिपोर्ट पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा की गई टिप्पणियों, यदि कोई हों, पर विचार करने के पश्चात् परिषद् निरीक्षण रिपोर्ट, निरीक्षण रिपोर्ट पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय से प्राप्त टिप्पणियों तथा अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (2) के अधीन उसकी सिफारिश की क्या पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता को पहली अनुसूची में शामिल किया जाए या नहीं, को केंद्रीय सरकार को अग्रेषित करेगी और जहां परिषद् पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता को पहली अनुसूची में शामिल करने के विरुद्ध सिफारिश करती है तो वह ऐसी सिफारिश करने के कारणों का लिखित कथन करेगी।

(5) केंद्रीय सरकार परिषद् से प्राप्त सिफारिश के आधार पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता दोनों को पहली अनुसूची में सम्मिलित कर सकेगी और पशु चिकित्सा महाविद्यालय को मान्यता का प्रमाण पत्र जारी करेगी और मान्यता के ऐसे प्रमाणपत्र की एक प्रति केंद्रीय सरकार द्वारा परिषद् और संबंधित विश्वविद्यालय को भी अग्रेषित की जाएगी।

(6) यदि केंद्रीय सरकार का यह मत है कि अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (2) के अधीन किसी पशु चिकित्सा अर्हता को अनुदत्त नहीं किया जाना चाहिए तो वह ऐसे इंकार के कारणों को अभिलिखित करेगी और लिखित में आवेदक या पशु चिकित्सा महाविद्यालय को परिषद् और संबंधित विश्वविद्यालय को प्रति भेजने के साथ संसूचित करेगी।

(7) यदि केंद्रीय सरकार पशु चिकित्सा महाविद्यालय को मान्यता अनुदत्त न करने का विनिश्चय करती है तो ऐसे पशु चिकित्सा महाविद्यालय महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जैसा कि इन नियमों में इसके पश्चात उपबंधित है, किसी मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

(8) को दाखिला क्षमता में वृद्धि अनुदत्त नहीं की जाएगी तो ऐसे इंकार के कारणों को अभिलिखित किया जाएगा और लिखित में आवेदक या पशु चिकित्सा महाविद्यालय को और परिषद् तथा संबंधित विश्वविद्यालय को प्रति भेजने के साथ संसूचित करेगी।

11. चरणवार अपेक्षाएं—इन नियमों के अधीन मान्यता की ईप्सा करने वाला आवेदक पशु चिकित्सा महाविद्यालय में विभिन्न चरणों में न्यूनतम भौतिक सुविधा सृजित करेगा और न्यूनतम जनशक्ति नियुक्त करेगा जैसा कि अनुसूची 2 में यथा विनिर्दिष्ट है।

भाग 4

मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में स्थानों को बढ़ाने के लिए आवेदन

12. मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में स्थानों को बढ़ाने के लिए आवेदन—(1) किसी मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था के विस्तार या मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था मैं विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए या दोनों के लिए आवेदन प्रारूप-12 में ऐसी फीस और अन्य दस्तावेज जो इन नियमों द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं के साथ सचिव, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को प्रस्तुत किया जा सकेगा।

(2) उपनियम 1 के अधीन आवेदन के साथ प्रारूप-12 में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों के साथ जहां लागू हो एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संलग्न होगी जिसमें भवन, कार्यक्रम शैक्षिक कार्यक्रम कार्यशील कार्यक्रम उपस्कर कार्यक्रम और जनशक्ति कार्यक्रम समृद्ध जीने आवेदक विद्यार्थियों की बढ़ी हुई संख्या के लिए आवश्यक सुविधाओं का उपबंध करने के लिए कार्यान्वित करने की आशा करता है।

13. मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय में दाखिले की क्षमता में वृद्धि करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अर्हक मानदंड- कोई मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय अपनी दाखिले की क्षमता में वृद्धि करने के लिए आवेदन करने के लिए अर्हक होगा यदि निम्नलिखित शर्तों को पूरा किया जाता है, अर्थात :-

(क) आवेदक ने यथास्थिति संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से विनिर्दिष्ट प्रारूप में विद्यमान मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय में दाखिले की क्षमता में प्रस्तावित क्षमता तक वृद्धि के लिए साध्यता और वांछनीयता के संबंध में अनिवार्यता प्रमाण पत्र अभिप्राप्त कर लिया है ;

(ख) आवेदक ने संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय की दाखिले की क्षमता में प्रस्तावित क्षमता तक वृद्धि के लिए विनिर्दिष्ट प्रारूप में अनापत्ति प्रमाण पत्र अभिप्राप्त कर लिया है ;

(ग) आवेदक ने संबद्धक विश्वविद्यालय से पशु चिकित्सा महाविद्यालय की दाखिले की क्षमता में प्रस्तावित क्षमता तक वृद्धि के लिए सहमति प्रमाण पत्र अभिप्राप्त कर लिया है ;

(घ) आवेदक के पास आवश्यक वित्तीय क्षमताएं हैं जैसा कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय को बढ़ी हुई दाखिला क्षमता के साथ अनुरक्षित करने के लिए पिछले 3 वर्ष के वार्षिक विवरण और लेखाओं द्वारा प्रदर्शित होता है ;

(ङ) पशु चिकित्सा शिक्षा विनियम के न्यूनतम मानक के अधीन यथा विनिर्दिष्ट आकार की समुचित भूमि जिसमें विद्यार्थियों की बढ़ी हुई प्रस्तावित संख्या के संबंध में जैसा कि पशु चिकित्सा शिक्षा विनियम के न्यूनतम मानक के अधीन विनिर्दिष्ट है, सभी संरचनांए और सभी सुविधाएं समाविष्ट हो सके आवेदक के स्वामित्व और कब्जे में होनी चाहिए या आवेदक द्वारा संबंधित सरकार या संबंधित अभिकरण से 30 वर्ष या अधिक के पट्टे के अधीन और यथास्थिति उक्त भूमि यह पट्टा आवेदक के नाम सम्यकता रजिस्ट्रीकृत होना चाहिए और सभी अवसंरचना सुविधाएं सिवाय अनुदेशात्मक पशुधन फार्म परिसर के एक एकल सतत भूमि का प्लॉट होगा ।

परंतु पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जिसके अंतर्गत पशु चिकित्सा चिकित्सालय या पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर तथा अनुदेशिक पशु धन, फार्म परिसर भी है, के संनिर्माण, स्थापना, अनुरक्षण और प्रचालन के लिए सभी अनुज्ञा, जो आवश्यक हो, सक्षम सरकारी अभिकरण से प्राप्त कर ली गई हैं ।

(च) पशु चिकित्सा महाविद्यालय में आवेदक द्वारा दाखिले की क्षमता में प्रस्तावित बृद्धि की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सन्निर्माण की जाने वाली अतिरिक्त अवसंरचना सुविधांए जैसा कि पशु चिकित्सा शिक्षा विनियम के न्यूनतम मानक के अधीन उपदर्शित है, को वास्तुविद् अधिनियम, 1972 (1972 का 20) के अधीन गठित वास्तुविद् परिषद् के पास रजिस्ट्रीकृत किसी वास्तुविद द्वारा तैयार की गई होंगी तथा संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र द्वारा यथा अभिहित सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यकत: अनुमोदित किया जाएगा ;

14. मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा अर्हता का प्रस्ताव करने वाला पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था की दाखिला क्षमता में बृद्धि के लिए आवेदन के मूल्यांकन की प्रक्रिया-

(1) विनिर्दिष्ट फीस के साथ विनिर्दिष्ट प्रारूप में दाखिला क्षमता में वृद्धि के लिए आवेदन की प्राप्ति पर, केंद्रीय सरकार ऐसी आवेदन को मूल्यांकन और सिफारिशों के लिए आवेदन की प्राप्ति की तारीख से 15 दिन की अवधि के भीतर परिषद को निर्दिष्ट करेगी ।

(2) अनुज्ञा पत्र के नवीकरण की संवीक्षा और जांच पशु चिकित्सा महाविद्यालयों के निरीक्षण के लिए निरीक्षकों की तैनाती, पशु चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण, परिषद् द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार, निरीक्षण रिपोर्ट को संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय और विश्वविद्यालय को भेजा जाना, निरीक्षण रिपोर्ट पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय से प्राप्त टिप्पणियों के लिए नियम 9 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया आवश्यक उपांतरणों के साथ नियम 12 के अधीन दाखिला क्षमता में बृद्धि के लिए किए गए आवेदन को लागू होगी ।

(3) निरीक्षण रिपोर्ट पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा की गई टिप्पणियों, यदि कोई हों, पर विचार करने के पश्चात् परिषद् निरीक्षण रिपोर्ट, निरीक्षण रिपोर्ट पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय से प्राप्त टिप्पणियों तथा अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (2) के अधीन उसकी सिफारिश कि क्या आवेदक पशु चिकित्सा महाविद्यालय की दाखिला क्षमता में वृद्धि की अनुज्ञा दी जाए या नहीं, को केंद्रीय सरकार को अग्रेषित करेगी और जहां परिषद् अनुज्ञा अनुदत्त नही करने की सिफारिश करती है तो वह ऐसी सिफारिश करने के कारणों का लिखित कथन करेगी ।

(4) केंद्रीय सरकार परिषद् से प्राप्त सिफारिश के आधार पर मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय को दाखिला क्षमता में वृद्धि करने के लिए अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी करके जिसकी प्रति परिषद् और संबंधित विश्वविद्यालय को भेजी जाएगी ।

(5) यदि केंद्रीय सरकार का यह मत है कि मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय को दाखिला क्षमता में वृद्धि अनुदत्त नहीं की जाएगी तो ऐसे इंकार के कारणों को अभिलिखित किया जाएगा और लिखित में आवेदक या पशु चिकित्सा महाविद्यालय को और परिषद् तथा संबंधित विश्वविद्यालय को प्रति भेजने के साथ संसूचित करेगी ।

15. फीस- प्ररूप-1, प्ररूप -10, प्ररूप -11 और प्ररूप -12 में आवेदनों के साथ एक लाख रुपए की फीस संलग्न होगी और फीस को भारतीय चिकित्सा परिषद के नाम नई दिल्ली में संदेय मांगदेय पत्र के माध्यम से जमा किया जा सकेगा और नियम 4 के खंड (i) और खंड(ii) के अधीन आने वाले आवेदकों को ऐसी आवेदन फीस से छूट होगी

भाग 5

सलाहकार समिति

16. सलाहकार समिति (1) इन नियमों में या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी यदि परिषद इन नियमों में यथा अपेक्षित विनिर्दिष्ट समय के भीतर कोई सिफारिश करने में असफल रहती है तो किसी शैक्षिक वर्ष के लिए पशु चिकित्सा अर्हता या पशु पशु चिकित्सा महाविद्यालय की मान्यता के प्रयोजन के लिए जिसके अंतर्गत पहली अनुसूची में पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता को शामिल करना या किसी मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय में दाखिले की क्षमता में वृद्धि के संबंध में सिफारिश सम्मिलित है, तो केंद्रीय सरकार विशेषज्ञों और डेलीगेटों से मिलकर बनने वाली एक सलाहकार समिति का गठन कर सकेगी सलाहकार समिति के कर्तव्य पशु चिकित्सा महाविद्यालयों का निरीक्षण करना और केंद्रीय सरकार को इन नियमों के अधीन सिफारिश करना है

(2) उपनियम 1 में निर्दिष्ट सलाहकार समिति निम्नलिखित सदस्य से मिल कर बनेगी, अर्थात्:-

(i) महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जानेवाला भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक सदस्य;

(ii) दो विश्वविद्यालयों के उपकुलपति या जिनसे संम्बद्ध पशु चिकित्सा महाविद्यालयों जिनको पहली अनुसूची मैं शामिल किया गया है जिनको केंद्रीय सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाएगा

(iii) किसी पशु चिकित्सा महाविद्यालय का डीन या एसोसिएट डीन ;

(iv) संबंधित राज्य सरकार के पशुपालन विभाग का प्रधान सचिव या सचिव, या उसका नाम निर्देशिती जो निदेशक किया आयुक्त या महानिदेशक के रैंक से नीचे नहीं होगा;

(3) इन नियमों के प्रयोजन के लिए सलाहकार समिति के पास परिषद में विहित सभी शक्तियां होगी जो उसे उसके कर्तव्य के निर्वहन में समर्थ बना सकें जिसके अंतर्गत यदि वह आवश्यक समझे तो केंद्रीय सरकार को अपेक्षित सिफारिश करने के प्रयोजन के लिए सबधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण करने के लिए इतनी संख्या में पशु चिकित्सा निरीक्षक नियुक्त करने की शक्ति है जितना मैं उचित समझे।

(4) सलाहकार समिति द्वारा नियुक्त पशु चिकित्सा निरीक्षकों को अधिनियम की धारा 19 तथा भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (निरीक्षक और आगंतुक) विनियम 1991 के अधीन परिषद द्वारा नियुक्त पशु चिकित्सा निरीक्षकों के सभी अधिकार और कर्तव्य होंगे ।

(5) यदि किसी विशिष्ट मामले में परिषद द्वारा पहले ही निरीक्षण कर लिया गया है और उसकी रिपोर्ट केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी गई है तो सलाहकार परिषद नया निरीक्षण संचालित करने के स्थान पर विद्यमान निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय सरकार को अपनी सिफारिश करेगी और यदि सलाहकार समिति आवश्यक समझती है तो वह पशु चिकित्सा निरीक्षकों ऐसे स्पष्टीकरण देने के लिए समन कर सकती है जो केंद्रीय सरकार को सिफारिश करने के प्रयोजन के लिए अपेक्षित हों।

(6) ऐसी सलाहकार समिति की सिफारिशों का वही प्रभाव होगा जो परिषद की किसी सिफारिश का केंद्रीय सरकार पर होता है।

(7) उपनियम 1 के अधीन विनिर्दिष्ट उसकी सिफारिश के पश्चात सलाहकार समिति का विघटन कर दिया जाएगा।

(8) केंद्रीय सरकार द्वारा गठित सलाहकार समिति के ऐसे सदस्यों की पदावधि और सेवा की शर्तें भारत सरकार के अविभाभी साधारण वित्तीय नियमों के अनुसार होंगी।

भाग 6

निरीक्षण

17. पहले ही पहली अनुसूची में सम्मिलित पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण. (1) पशु चिकित्सा संस्थाएं या पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा अर्हता जो पहले ही पहली अनुसूची में सम्मिलित है का समय समय पर परिषद द्वारा अधिनियम की धारा 19 या धारा 20 के उपबंधों के अनुसरण में और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (निरीक्षक और आगंतुक) विनियम 1991 के अनुसार यह के लिए निरीक्षण किया जाएगा कि क्या इन नियमों और पशु चिकित्सा शिक्षा विनियम उनके न्यूनतम मानकों का अनुपालन किया जा रहा है।

(2) निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण संचालित किए जाने की दशा में निरीक्षण रिपोर्ट को परिषद की कार्यपालक समिति के समक्ष रखा जाएगा, और आगंतुकों द्वारा निरीक्षण की दशा में निरीक्षण रिपोर्ट को गोपनीय रूप से परिषद के अध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) यदि निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात परिषद का यह निष्कर्ष होता है कि परिषद द्वारा निरीक्षण की गई पशु चिकित्सा संस्था या पशु चिकित्सा महाविद्यालय के संबंध में अधिनियम की धारा 21 की उपधारा 1 के खंड का और उपधारा 2 में अधिकथित परिस्थितियां विद्यमान है तो परिषद केंद्रीय सरकार को इस प्रभाव का अभ्यावेदन करेगी।

(4)यदि ऐसे अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात केंद्रीय सरकार का यह निष्कर्ष होता है कि यह एक उचित मामला है तो वह परिषद से अभ्यावेदन प्राप्त करने की तारीख से 30 दिन के भीतर अग्रिम कार्रवाई के लिए उस राज्य के जिसमें पशु चिकित्सा महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्थान अवस्थित है, सचिव, पशुपालन विभाग के माध्यम से संबंधित राज्य सरकार को उक्त आवेदन को भेजेगी।

(5)संबंधित राज्य सरकार केंद्रीय सरकार से आवेदन प्राप्त करने के 30 दिन के भीतर ऐसी अभियुक्तियों जो वह करने का चयन करें के साथ उक्त अभ्यावेदन को संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सक संस्था से राज्य सरकार को उक्त अभ्यावेदन को राज्य सरकार से प्राप्त करने के 30 दिन के भीतर अपने स्पष्टीकरण को प्रस्तुत करने की अपेक्षा के साथ संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्था को अग्रेषित करेगी।

(6) स्पष्टीकरण के प्राप्त करने के 15 दिन के भीतर या इसमें उपर नियम 5 में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत ना करने पर उस अवधि की समाप्ति पर राज्य सरकार केंद्रीय सरकार को संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्था की मान्यता को समाप्त करने के संबंध में अपनी सिफारिश करेगी।

(7) राज्य सरकार से सिफारिश प्राप्त करने के 15 दिन के भीतर केंद्रीय सरकार यदि वह उचित समझे संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्था के मानकों की जांच करने के लिए एक जांच समिति का गठन करेगी और इस नियम के अधीन गठित जांच समिति अपने गठन के 21 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(8) केंद्रीय सरकार जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की शर्त के अधीन रहते हुए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्देश दे सकेगी कि संबंधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था के विरुद्ध समुचित अनुसूची में एक प्रविष्टि करेगी की संबंधित महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्था द्वारा केवल विनिर्दिष्ट तारीख से पूर्व विद्यार्थियों को अनुदत्त पशु चिकित्सा अर्हता ही मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा अर्हता होगी :

परंतु या और की ऐसी अधिसूचना जारी करने से पूर्व केंद्रीय सरकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से परामर्श करेगी :

परंतु केंद्रीय सरकार ऐसी अधिसूचना कोई जांच समिति गठित किए बिना भी जारी कर सकेगी यदि उसकी या राय है कि संबंधित राज्य सरकार से प्राप्त सिफारिश इस प्रयोजन के लिए प्रयाप्त है ।

(9) केन्द्रीय सरकार द्वारा उपनियम (8) के अधीन जारी अधिसूचना की प्रतियां, परिषद्, सबंधित राज्य सरकार, संबधित पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था और संबंधित विश्वविद्यालय को अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 3 दिन के भीतर भेजी जांएगी ।

भाग 7

पशु चिकित्सा महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्था जिस की मान्यता समाप्त कर दी गई है कि मान्यता की पुनः बहाली

18. पशु चिकित्सा महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्था जिस की मान्यता समाप्त कर दी गई है कि मान्यता की पुनः बहाली- किसी ऐसी पशु चिकित्सा संस्था या पशु चिकित्सा महाविद्यालय को किसी भी शैक्षिक वर्ष में विद्यार्थियों को दाखिल करने के लिए तब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक कि उसकी मान्यता या उसके द्वारा अनुभव किसी भी पशु चिकित्सा आहर्ता की मान्यता को पुनः बहाल नहीं कर दिया जाता है ।

(1) किसी पशु चिकित्सा संस्था या पशु चिकित्सा महाविद्यालय इसकी मान्यता समाप्त कर दी गई है द्वारा मान्यता की पुनः बहाली के लिए आवेदन सचिव, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 को विस्तृत रिपोर्ट के साथ एक शपथ पत्र के माध्यम से ऐसे दस्तावेजों जो उस त्रुटि को दूर करने के लिए आवश्यक हो जिनके आधार पर मान्यता समाप्त हुई थी के साथ किया जाएगा तथा पूर्व वर्णित शपथपत्र पर पशु चिकित्सक संस्था या पशु चिकित्सा महाविद्यालय के शासी निकाय के इस निमित्त सम्यकता प्राधिकृत सदस्य द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(2) पशु चिकित्सा संस्था या पशु चिकित्सा महाविद्यालय जिसकी मान्यता समाप्त कर दी गई है से आवेदन की प्राप्ति पर केंद्रीय सरकार उसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगी जो नियम 10 में यथा विनिर्दिष्ट पहली अनुसूची में किसी पशु चिकित्सा महाविद्यालय को मान्यता अनुदान करने के लिए लागू होती है ।

परंतु संबंधित राज्य सरकार या विश्वविद्यालय किसी राज्य सरकार या विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित पशु चिकित्सा संस्थाओं या पशु चिकित्सा महाविद्यालय की दिशा में मान्यता की पुनः बहाली के लिए उक्त आवेदन को यथास्थिति, संबंधित राज्य सरकार या विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा और त्रुटियों को दूर किया गया है के निमित्त एक विस्तृत रिपोर्ट को सम्यकता अभिप्रमाणित करते हुए आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा ।

19. विद्यार्थियों का स्थानांतरण (1) यदि कोई पशु चिकित्सा महाविद्यालय जिसकी मान्यता समाप्त कर दी गई है अगले तुरंत शैक्षिक वर्ष के प्रारंभ होने से कम से कम 3 माह पूर्व अपनी मान्यता को बहाल करने में असमर्थ रहता है तो उसमें पहले ही दाखिल किए गए विद्यार्थियों का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा समुचित परीक्षा संचालित करके ऐसे मूल्यांकन परीक्षण के आधार पर किया जाएगा, विद्यार्थियों को उसी विश्वविद्यालय से संबंद्ध किसी अन्य मान्यताप्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था में केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से पशु चिकित्सा अर्हता अनुदित करके परिषद द्वारा स्थानांतरित किया जाएगा:

परंतु यदि किसी विश्वविद्यालय के उस से संबंध कोई अन्य पशु चिकित्सा महाविद्यालय पशु चिकित्सा संस्था नहीं है तो ऐसे पशु चिकित्सा महाविद्यालय जिस की मान्यता समाप्त कर दी गई है के विद्यार्थियों को उसी राज्य जिसमें हुआ पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्थित है जिसकी मान्यता समाप्त कर दी गई है मैं मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा अर्हता अनुरोध करने वाले मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था को स्थानांतरित कर दिया जाएगा ।

परंतु यह और कि यदि राज्य के भीतर कोई अन्य पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था नहीं है तो परिषद विद्यार्थियों को देश में मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा आहर्ता प्रदान करने वाले किसी अन्य मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था में स्थानांतरित करने के लिए सशक्त होगी

IndiaCode

परंतु यह भी कि पशु चिकित्सा संस्था या पशु चिकित्सा महाविद्यालय उनकी स्वीकृत संख्या से 15% से अधिक विद्यार्थियों को दाखिल करने की बाध्यता के अधीन होंगे और तदनुसार ऐसे पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था में सतत् शैक्षिक वर्ष में दाखिले के लिए उपलब्ध स्थानों की संख्या को इस नियम के अधीन दाखिल किए गए विद्यार्थियों की संख्या से घटा दिया जाएगा

(2) ऐसे पशु चिकित्सा महाविद्यालय जिसकी मान्यता समाप्त कर दी गई है को उस समय तक बहाल नहीं किया जाता है की उस में दाखिल विद्यार्थियों को किसी ऐसे अन्य पशु चिकित्सा महाविद्यालय या पशु चिकित्सा संस्था जो मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा अर्हता प्रदान करती है मैं स्थानांतरित करने की आवश्यकता है तो परिषद द्वारा केंद्रीय सरकार की पूर्व आरोग्य से उसके द्वारा प्रस्तुत बैंक प्रतिभूति को भुना लिया जाएगा और इन नियमों के अधीन विद्यार्थियों को स्थानांतरित करने की लागत को केंद्रीय सरकार के पर्यवेक्षण के अधीन उक्त बैंक प्रतिभूति के नकदीकरण से वसूला जाएगा

(3) विद्यार्थियों को स्थानांतरित करने के संबंध में उपनियम (1) और उपनियम (2) के उपबंध अनंतिम रूप से मान्यता प्रदान किए गए पशु चिकित्सा महाविद्यालय जिसको अनुदित किए गए अनुज्ञापत्र का यदि नवीकरण नहीं किया जाता है या जिसको केंद्रीय सरकार द्वारा अंतिम मान्यता प्रदान करने से इंकार कर दिया जाता है, को भी लागू होंगे ।

[फा. सं. के-12052-5(5251)/3/2017-एलएच]

मिहिर कुमार सिंह, संयुक्त् सचिव

अनुसूची-1

क्रम संख्या	निपटाने का स्तर	अंतिम तारीख
1	केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदनों की प्राप्ति	31 अगस्त तक
2	भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा केंद्रीय सरकार से आवेदन की प्राप्ति	15 सितंबर तक
3	भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा आवेदन की संवीक्षा और केंद्रीय सरकार को एक प्रति भेजने के साथ त्रुटिपूर्ण पाए गए आवेदनों को आवेदक को वापस लौटाना	1 अक्टूबर तक
4	आवेदक द्वारा त्रुटियों को दूर करने के पश्चात आवेदन को पुनः प्रस्तुत करना	15 अक्टूबर तक
5	आशय पत्र जारी करने के लिए भारतीय पशु चिकित्सा परिषद की केंद्रीय सरकार को सिफारिशें	15 दिसंबर तक
6	केंद्रीय सरकार द्वारा आशय पत्र जारी करना	1 जनवरी तक
7	केंद्रीय सरकार को अनुज्ञा पत्र के लिए अनुरोध करते हुएआवेदक के उत्तर की प्राप्ति	30 जनवरी तक
8	केंद्रीय सरकार से भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा आशय पत्र पर आवेदक के उत्तर की प्राप्ति	15 फरवरी तक
9	भारतीय पशु चिकित्सा परिषद की केंद्रीय सरकार को अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिए सिफारिश	15 मार्च तक
10	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी करना	31 मार्च तक

IndiaCode

अनुसूची-2

1. पशु चिकित्सा महाविद्यालय की मान्यता के लिए आवेदक द्वारा प्ररूप-1 में आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व न्यूनतम अपेक्षाएं

(क) आवेदक के पास 15 एकड़ से अन्यून भूमि होनी चाहिए चाहे स्वामित्व के माध्यम से या सरकार से या सरकारी अभिकरण से 30 वर्ष या अधिक के पट्टे पर हो, जिसे पशु चिकित्सा महाविद्यालय के लिए चिन्हित किया जाना चाहिए जिसमें से न्यूनतम 5 एकड़ को चारा उत्पादन के लिए चिन्हित किया गया हो

(ख) पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पास एक प्रशासनिक खंड होगा जिसमें निम्नलिखित सुविधाएं होंगी, अर्थात्:-

(i) संबंध प्रसाधन कक्ष के साथ डीन या प्रधानाध्यापक का कक्ष
(ii) वैयक्तिक कर्मचारीवृंद कक्ष
(iii) समिति कक्ष
(iv) आगंतुक कक्ष
(v) शैक्षिक, लेखा और स्थापना अनुभागों के लिए कार्यालय कक्ष
(vi) अभिलेख कक्ष
(vii) केंद्रीय भंडार कक्ष
(viii) आगंतुकों और कर्मचारी वृंद के लिए प्रसाधन सुविधाएं
(ix) टाईपिंग, डुप्लीकेटिंग और फोटोकापी सुविधाएं

(ग) पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित की भर्ती की गई होगी, अर्थात् :-

डीन या प्रधानाध्यापक	1
डीन या प्रधानाध्यापक के वैयक्तिक सहायक या वैयक्तिक सचिव	1
शैक्षिक सहायक	1
लेखापाल	1
स्थापना सहायक	1
कम्पयूटर प्रचालक	1
पूस्तकालय सहायक	1
बहुकार्य कर्मचारीवृंद	1
ड्राइवर	2
इलैक्ट्रिशियन	1
पलम्बर	1
माली	1
चपरासी या संदेशवाहक	2
सफाई कर्मचारी	4

(घ) उपरोक्त के अतिरिक्त पशु चिकित्सा महाविद्यालय में निम्नलिखित आम सुविधाएं होंगी अर्थात:-

(i) पर्याप्त पुस्तकों से सुसज्जित महाविद्यालय पुस्तकालय, जर्नल और आवधिक पत्रिकाएं, रिपरोग्राफिक और डुप्लिकेट सुविधाएं, इंटरनेट कनेक्टिविटी और अध्ययन कक्ष तथा बैठने का पर्याप्त स्थान
(ii) एक सभागार जिसमें न्यूनतम 300 लोगों के बैठने की सुविधा हो

IndiaCode

(iii) कैंटीन

(iv) एक सभागार कक्ष जिसमें मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन सिस्टम हो और कम से कम उन लोगों के बैठने की क्षमता हो

(v) श्रव्य- दृश्य प्रोजेक्शन सिस्टम से युक्त दो व्याख्यान कक्ष जिसमें न्यूनतम 100 लोगों के बैठने की प्रत्येक में क्षमता हो

(vi) डिस्टिलेशन या डीआईओनाइजर संयंत्र

(vii) पेयजल सुविधा

(viii) क्रीड़ास्थल जिसमें गेम और क्रीडा सुविधाएं जिसके अंतर्गत इंडोर गेम्स सुविधाएं हैं

(ix) कॉमन रूम, मैस के साथ बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावास

(x) परिवहन सुविधाएं जिसके अंतर्गत बस, मिनी बस, स्टाफ कार, एंबुलेटरी वैन, और सचल नैदानिक इकाई भी है

(xi) केंद्रीय कंप्यूटर प्रयोगशाला

(xii) सभी सुविधाओं के साथ फोटोग्राफी इकाई

(ङ) भवनो, जनशक्ति और उप्स करो से संबंधित ऐसी आवश्यक्ताओं के अनुसार एम एस वी ई विनियमो मैं यथा उपदर्शित निम्नलिखित विभागों को पशु चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित किया गया होगा और पर्याप्त शिक्षक संकाय की भर्ती की गई होगी:

(i) पशु चिकित्सा एनाटॉमी

(ii) पशु चिकित्सा फिजियोलॉजी और जीव रसायन

(iii) पशुधन उत्पादन प्रबंधन

(iv) पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर

(v) अनुदेशात्मक पशुधन फार्म परिसर

2. अनुज्ञापत्र के नवीकरण के लिए प्ररूप 10 में आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व न्यूनतम अपेक्षाएं:

केन्द्रीय सरकार को अनुज्ञा पत्र के नवीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व भवनो, जनशक्ति और उपस्करो से संबंधित ऐसी आवश्यक्ताओं के अनुसार एम एस वी ई विनियमो मैं यथा उपदर्शित निम्नलिखित विभागों को पशु चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित किया जाएगा और पर्याप्त शिक्षक संकाय की भर्ती की गई होगी:

(क) पशु चिकित्सा पैथोलॉजी

(ख) पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी

(ग) पशु आनुवांशिकी और प्रजनन

(घ) पशु पोषण

3. पशु चिकित्सा महाविद्यालय को अंतिम मान्यता देने से पहले प्ररूप 11 में आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व न्यूनतम अपेक्षाएं

केन्द्रीय सरकार को पशु चिकित्सा महाविद्यालय की अंतिम मान्यता के लिए आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व पशु चिकित्सा महाविद्यालय में निम्नलिखित विभागों की स्थापना की जाएगी और भवनो, जनशक्ति और उपस्करो से संबंधित ऐसी आवश्यक्ताओं के अनुसार एम एस वी ई विनियमो मैं यथा उपदर्शित निम्नलिखित विभागों को पशु चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित किया गया होगा और पर्याप्त शिक्षक संकाय की भर्ती की गई होगी:

(क) पशु चिकित्सा फार्माकोलॉजी और टॉक्सिकोलॉजी

(ख) पशु चिकित्सा पेरासिटोलॉजी

IndiaCode

(ग) पशु चिकित्सा जन स्वास्थ्य और एपिडेमियोलॉजी

(घ) पशुधन उत्पादन प्रौद्योगिकी

(ङ) पशु चिकित्सा और पशुपालन विस्तार शिक्षा

4. चौथे शैक्षिक वर्ष के प्रारंभ से पूर्व न्यूनतम अपेक्षाएं:

पशु चिकित्सा महाविद्यालय में एम एस वी ई विनियमो मैं यथा उपदर्शित जनशक्ति और उपस्करो से संबंधित ऐसी आवश्यक्ताओं के अनुसार निम्नलिखित विभागों की स्थापना की जाएगी और तीसरे शैक्षिक वर्ष के वार्षिक परीक्षाओं के प्रारंभ होने से कम से कम 6 वर्ष पूर्ण प्रयास शैक्षिक संकाय की भर्ती की जाएगी:

(क) पशु चिकित्सा सर्जरी और रेडियोलोजी

(ख) पशु चिकित्सा औषधि

(ग) पशु चिकित्सा गायनाकॉलॉजी और ओवस्ट्स्ट्रीक्स

अनुसूची-3

प्ररूप 10 में आवेदनों की प्राप्ति की अनुसूची

क्रम संख्या	निपटाने का स्तर	अंतिम तारीख
1	केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदनों की प्राप्ति	31 अगस्त तक
2	भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा केंद्रीय सरकार से आवेदनों की प्राप्ति	15 सितंबर तक
3	भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा आवेदनों की संवीक्षा और केंद्रीय सरकार को एक प्रति भेजने के साथ त्रुटिपूर्ण पाए गए आवेदनों को आवेदक को वापस लौटाना	15 अक्टूबर तक
4	आवेदक द्वारा त्रुटियों को दूर करने के पश्चात आवेदन को पुनः प्रस्तुत करना	30 अक्टूबर तक
5	अनुज्ञा पत्र के नवीकरण के लिए भारतीय पशु चिकित्सा परिषद की केंद्रीय सरकार को सिफारिशें	15 जनवरी तक
6	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुज्ञा पत्र के नवीकरण के लिए पत्र जारी करना	1 फरवरी तक

अनुसूची-4

प्ररूप XI में आवेदनों की प्राप्ति की अनुसूची

क्रम संख्या	निपटाने का स्तर	अंतिम तारीख
1	केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदनों की प्राप्ति	31 अगस्त तक
2	भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा केंद्रीय सरकार से आवेदनों की प्राप्ति	15 सितंबर तक
3	भारतीय पशु चिकित्सा परिषद द्वारा आवेदनों की संवीक्षा और केंद्रीय सरकार को एक प्रति भेजने के साथ त्रुटिपूर्ण पाए गए आवेदनों को आवेदक को वापस लौटाना	15 अक्टूबर तक
4	आवेदक द्वारा त्रुटियों को दूर करने के पश्चात आवेदन को पुनः प्रस्तुत करना	30 अक्टूबर तक

IndiaCode

5	अंतिम मान्यता अनुदत्त करने के लिए भारतीय पशु चिकित्सा परिषद की केंद्रीय सरकार को सिफारिशें	15 जनवरी तक
6	केंद्रीय सरकार द्वारा आवेदक को मान्यता पत्र जारी करना	1 फरवरी तक

प्ररूप-1

केंद्रीय सरकार द्वारा पशु चिकित्सा अर्हता या पशु चिकित्सा महाविद्यालय की मान्यता के लिए आवेदन का प्ररूप

1	आवेदक का नाम	
2	**आवेदक के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता** (नंबर स्ट्रीट, शहर, पिनकोड, टेलिफोन, टैलेक्स, टैलीफैक्स)	
3	**आवेदक की श्रेणी** (राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/विश्वविद्यालय/कानूनी स्वायत्त निकाय/सोसाइटी/न्यास/वक्फ)	
4	**रजिस्ट्रीकरण संख्या और यह मान्यता प्राप्त करने की तारीख** (सोसाइटी/न्यास/वक्फ की दशा में)	
5	**पशु चिकित्सा महाविद्यालय का नाम और पता**	
6	**पशु चिकित्सा अर्हता का नाम**	
7	**सम्बद्धकारी विश्वविद्यालय का नाम**	
8	**पशु चिकित्सा महाविद्यालय के लिए उपलब्ध आधारभूत अवसंरचना सुविधाएं तथा संलग्न वीसीसी और आईएलएफसी** (चरण-वार अपेक्षाओं का अनुसूची 2 में वर्णन किया गया है)	
